कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

विज्ञप्ति

सर्व साधारण के सूचनार्थ विज्ञापित एवं प्रसारित किया जाता है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उ०प्र० की वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाओं में सम्मिलित हुए छात्र/छात्राओं के शैक्षिक विवरणों में यदि अभी भी किसी प्रकार की त्रुटि यथा विषय/वर्ग, छात्र के नाम, माता/पिता के नाम में वर्तनी त्रुटि, जन्मतिथि, जेन्डर, जाति, फोटो आदि का संशोधन अवशेष है तो परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in पर प्रधानाचार्य द्वारा लॉगइन कर निर्धारित प्रारूप एवं मैन्युअल को डाउनलोड कर लें।

तदुपरान्त सम्बंधित प्रधानाचार्य द्वारा निर्धारित प्रारूप पर अपेक्षित संशोधन का विवरण मैन्युअल के अनुसार भली–भांति अंकित कर स्वयं सत्यापित करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक से अनुमोदित कराने के उपरान्त विद्यालय द्वारा वेबसाइट पर पुनः लॉगइन कर पूरित प्रारूप एवं समस्त आवश्यक साक्ष्य/प्रपत्रों को अपलोड कर दिया जाए। इस हेतु **दिनांक 07–04–2025 से 09–04–2025 को सायं 06:00 बजे तक** परिषद की वेबसाइट **upmsp.edu.in** क्रियाशील रहेगी।

प्रायः यह देखा जाता है कि विद्यालय द्वारा छात्र/छात्राओं के शैक्षिक विवरणों को त्रुटिपूर्ण अंकित करने के कारण परीक्षाफल घोषणा के उपरान्त परीक्षार्थियों को संशोधन हेतु भटकना एवं परेशानी का सामना करना पड़ता है। अतएव परीक्षा परिणाम की घोषणा से पूर्व संशोधन हेतु यह अन्तिम अवसर प्रदान किया जाता है।

यदि किसी विद्यालय द्वारा संशोधन अवेशष होने पर नियत अवधि में पोर्टल पर आवेदन प्रस्तुत नहीं किया जाता तथा इसके उपरान्त शैक्षिक विवरणों के संशोधन की अपेक्षा की जाती है तो ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर शासनादेश दिनांक 26 दिसम्बर, 2022 द्वारा निर्धारित मान्यता के मानक/शर्तों के प्रस्तर–18 में विहित परिशिष्ट–'ख' के अनुसार दण्ड अधिरोपित किया जाएगा। किसी भी प्रकार की जिज्ञासा के समाधान हेतु निम्नांकित अधिकारियों से सम्पर्क किया जा सकता है :–

क्रम	कार्यालय/अधिकारी	मोबाइल नम्बर
(1)	अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद्, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ	9454457256, 0121–2660742
(2)	अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद्, क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली	9451055902, 0581–2576494
(3)	अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद्, क्षेत्रीय कार्यालय, प्रयागराज	9454457246, 0532–2423265
(4)	अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद्, क्षेत्रीय कार्यालय, वाराणसी	9450964432, 0542–2509990
(5)	अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद्, क्षेत्रीय कार्यालय, गोरखपुर	6394717234, 0551–2205271
(6)	उप सचिव (प्रा०), माध्यमिक शिक्षा परिषद्, मुख्यालय, प्रयागराज	8447297770, 0532–2623820

6/4/2025

(भगवती सिंह)
सचिव

Scanned with CamScanner

पृ0सं0: मा0शि0प0 / सिस्टम सेल / 55-5 दिनांक: 06/04/2025

उक्त की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

(1) सम्पादक दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि विज्ञप्ति को जनहित में अपने सम्मानित समाचार पत्र के समस्त संस्करणों में मुख्य पृष्ठ पर निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

(2) शिक्षा निदेशक(मा0) एवं सभापति, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

(3) संयुक्त शिक्षा निदेशक, समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।

(4) अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षे0का0 मेरठ, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी तथा गोरखपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि विज्ञप्ति का अपने स्तर से भी परिक्षेत्र में व्यापक प्रचार–प्रसार कराने कराते हुए उक्तानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करायें।

(5) जिला विद्यालय निरीक्षक, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि विज्ञप्ति का अपने स्तर से भी जनपद में व्यापक प्रचार–प्रसार कराते हुए उक्तानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें।

6/4/2025

(भगवती सिंह)
सचिव

Scanned with CamScanner